हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 06 जून 2019, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 21 संस्करण www.livehindustan.com

शहर को प्रदूषण से बचाने के लिए पौधे लगाए

नोएडा/ग्रेटर नोएडा | हिटी

नोएडा और ग्रेटर नोएडा को प्रदूषण से बचाने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बुधवार को जगह-जगह पौधे लगाए गए। इसकी कड़ी में मोरना स्थित नोएडा डिपो में 50 से अधिक पौधे लगाए गए। इनमें आम समेत कई तरह के पौधे शामिल हैं।

डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि सुबह के समय डिपो में पौधे लगाए गए। चालकों, परिचालकों और कार्यशाला के स्टाफ ने पौधे लगाए। उन्हें पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए जागरुक किया गया। सभी ने अपने घर और गांव में कम से कम एक पौधा लगाने, लोगों में जागरूकता फैलाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ ली। उन्होंने बताया कि लगाए गए पौधों को नियमित तौर पर पानी देंगे और उनकी पूरी देखभाल करेंगे।

स्वच्छ भारत मिशन की ओर से लगाए 108 पौधे : स्वच्छ भारत मिशन की ओर से नोएडा स्टेडियम, सेक्टर-36 व 143 स्थित ग्रीन बेल्ट में 108 पौधे लगाए गए। मिशन के मुख्य सलाहकार ओमेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इन जगह नीम, पीपल, चंपा आदि तरह के पौधे लगाए गए।

सेक्टर-90 स्थित भूटानी इन्फ्रा की ओर से सेक्टर-90 के गोलचक्कर व आसपास सफाई कर पौधरोपण किया। वहां से गुजर रहे लोगों को एक-एक पौधा भी उपहार में दिया गया। सेक्टर-143 स्थित गुलशन इकेबाना सोसाइटी में करीब 300 पौधे लगाकर स्वस्थ पर्यावरण का संदेश दिया। सेक्टर-78 स्थित सिक्का कार्मिक ग्रीन्स सोसाइटी में 200 लोगों को पौधे वितरित किए गए। नोएडा स्थित सेक्टर-34, बी-3 अरावली अपार्टमेंट के सेंट्रल पार्क में बुधवार को पचास से अधिक पौधे लगाए गए। पौधे मालाबार गोल्ड एंड डायमंड के सहयोग से लगाए गए। इसके साथ ही लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी किया गया। लोगों को उपहार स्वरूप भी पौधे बांटे गए। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि पर्यावरण को शुद्ध और हराभरा करने की जिम्मेदारी सभी लोगों की है।

आरएमसी प्लांट पर पौधरोपण किया : ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ ग्रुप के आरएमसी प्लांट पर विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया गया। पांच एकड़ में निर्मित इस प्लांट के आसपास के सारे ग्रीन बेल्ट एरिया में कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम में गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ ने भी पौधे लगाए।

गांवों में भी जागरूकता अभियान चलाया गया

ग्रेनो के बिलासपुर पौधशाला में पर्यावरण जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक धीरेंद्र सिंह ने लोगों से पर्यावरण को सुरक्षित बनाने की अपील की। सूरजपुर पौधशाला में पौधारोपण किया गया। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुराधा वेचुरी शामिल हुई और उन्होंने पौधे भी लगाए। इसमें साथ ही बिसाहड़ा पौधशाला में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें सरकारी कर्मचारियों के अलावा ग्रामीण भी शामिल हुए। एनटीपीसी दादरी में पौधारोपण किया गया।